R.CMS NO.
2018/01500

राजस्व लोक अदालत कैम्प बाणियावास तहसील पचपदरा

न्यायालय सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) बालोतरा
पीठासीन अधिकारी : श्री भागीरथ राम, आर.ए.एस

मुकदमा न0 155/2018

वादीनी :– 1 मांगीलाल पुत्र वेनाराम वगै0 जाति जाट निवासी पतासर
तह0 पचपदरा जिला बाडमेर

बनाम

प्रतिवादीगण :– 1. चौथी बेवा सोना, दला पुत्र सोना, बुधा, गोपा पुत्र खीमा

88 आर.टी.ए दावा बाबत घोषणा

निर्णय दिनांकः–22.06.2018

वादी ने यह वाद पत्र अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार ग्राम पंचायत बाणियावास में प्रस्तुत की गई है।

वादी ने वाद पत्र में जाहिर किया कि ग्राम पतासर के ख0न0 520/331 59.14 बीघा, 522/521 रकबा 2 बीघा सरहद मौजा पतासर में व ख0न0 313 रकबा 61.9 सरहद मौजा पतासर में तथा ख0न0 126 रकबा 16.19 विस्वा सरहद मौजा कलावतसर तथा ख0प0 518/517 रकबा 2 बीघा 10 विस्वा, ख0न0 512/511 रकबा 5 बीघा 10 बिस्वा सरहद मौजा पतासर में आयी हुई है। उक्त भूमि में हम वादीगण के पिता व दादा का नाम विशना वल्द माना लिपिकीय त्रुटिवंश दर्ज किया हुआ है जबकि सरकारी दस्तावेज मे सही नाम वेहनाराम पुत्र नवलाराम है। अतः अशुद्व नाम विशना वल्द माना की जगह शुद्व नाम वेहनाराम पुत्र नवलाराम करने का निवेदन किया है।

वादी द्वारा प्रस्तुत वादपत्र के साथ प्रस्तुत दस्तावेज आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, जमाबंदी व पटवारी बाणियावास/ आर.आई बागावास एवं ब्यानकर्ता चौथाराम, बुधाराम, चौथीदेवी, हेमीदेवी, गोपाराम, आईदानराम की संयुक्त रिपोर्ट का अवलोकन किया गया जिसके अनुसार ग्राम पतासर के ख0न0 520/331 59.14 बीघा, 522/521 रकबा 2 बीघा सरहद मौजा पतासर में व ख0न0 313 रकबा 61.9 सरहद मौजा पतासर में तथा ख0न0 126 रकबा 16.19 विस्वा सरहद मौजा कलावतसर तथा ख0प0 518/517 रकबा 2 बीघा 10 विस्वा, ख0न0 512/511 रकबा 5 बीघा 10 बिस्वा में वादी का नाम विशना वल्द माना राजस्व रेकर्ड में अशुद्व नाम दर्ज है। जब कि अन्य सरकारी दस्तावेज में वेहनाराम पुत्र नवलाराम दर्ज है।

(भागीरथ राम)
पीठासीन अधिकारी लोक अदालत/कोर्ट कैम्प-2018
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलेक्टर
बालोतरा कैम्प.....

Scanned by CamScanner

अतः वादी का वाद पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम पतासर के ख0न0 520/331 59.14 बीघा, 522/521 रकबा 2 बीघा सरहद मौजा पतासर में व ख0न0 313 रकबा 61.9 सरहद मौजा पतासर में तथा ख0न0 126 रकबा 16.19 विस्वा सरहद मौजा कलावतसर तथा ख0प0 518/517 रकबा 2 बीघा 10 विस्वा, ख0न0 512/511 रकबा 5 बीघा 10 बिस्वा में तहसीलदार पचपदरा को वादी का नाम विशना वल्द माना के स्थान पर वेहनाराम पुत्र नवलाराम नाम दर्ज करे।

आदेश राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार में सुनाया गया ।
पत्रावली फैसल सुमार होकर के दाखिल दफतर हो ।

(भागीरथ राम)
पीठासीन अधिकारी लोक अदालत/कोर्ट कैम्प-2018
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलेक्टर
बालोतरा कैम्प.........................

Scanned by CamScanner